>

Title: Need to implement the various development project and National Rural Health Mission in Shrawasti Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती): सभापति जी, पन्द्रहवीं लोक सभा के अंतिम सत्र के अंतिम दिन आपने मेरे निर्वाचन क्षेत्र के बहुत ही महत्वपूर्ण विषय को उठाने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। मेरा निर्वाचन क्षेत्र जनपद बलरामपुर एवं श्रावस्ती अति पिछड़ा हुआ है।...(व्यवधान) डैवलपमैंट इंडैक्स में बहुत ही निचले पायदान पर है।...(व्यवधान) यहां प्लानिंग कमीशन की बीआरजीएफ योजना, एमएसपी योजना तथा बार्डर एरिया डैवलपमैंट योजनाएं लागू हैं।...(व्यवधान) ऐसे क्षेत्र में यूपीए सरकार ने आधार-भूत सरंचना यथा पुल, सड़क, विद्युत राप्ती परियोजना को राष्ट्रीय परियोजना बनाया। उसके लिए धन दिया और उसके विकास के लिए आधार-भूत सरंचनाओं के लिए जो प्रयास किया, उसके लिए मैं माननीय यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी जी का आभारी हूं। ...(व्यवधान) लेकिन हमारा क्षेत्र कृषि आधारित क्षेत्र है। वहां रोजगार के कोई संसाधन नहीं हैं और कृषि मंत्रालय के अधीन स्माल स्केल फार्मर्स, एग्रीकल्चर कन्सॉर्शियम, जिसे लघु कृषक कृषि व्यापार संघ का नाम दिया गया है, उसने एग्री विजन प्रोजैक्ट के रूप में एक प्रोजैक्ट सबमिट किया है, जो आज भी एपीसी और चीफ सैक्रेट्री, उत्तर प्रदेश-लखनऊ के स्तर पर संस्तुति की प्रतीक्षा कर रहा है। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, मैं आभारी होऊंगा कि आप सरकार को निर्देश दें और उत्तर प्रदेश सरकार को निर्देश दें कि बलरामपुर का जो एग्री विजन प्रोजैक्ट है और उसके साथ-साथ श्रावस्ती तथा तराई विजन के सिद्धार्थ नगर, बहराइच, महाराजगंज आदि हैं, उन पिछड़े हुए इलाके के लिए एग्री विजन प्रोजैक्ट एसएफएसी को बनाया है, वह रिकमंड हो कर भारत सरकार के पास आये जिससे वहां के बेरोजगार नवयुवकों को रोजगार के साधन मिल सके और कृषि का विकास हो सके। ...(व्यवधान) किसानों में खुशहाली आ सके और उस इलाके में एग्रीकल्चर इंस्टीटयूट की स्थापना हो सके जिससे उसकी डेवलपमैंट प्रोग्राम के साथ मार्केटिंग हो सके। साथ ही साथ उस क्षेत्र को रेलवे से जोड़ने के लिए श्रावस्ती का जो बुद्धा सर्किट है, उसके लिए भी धन शीघ्र आवंटित किया जाये। धन्यवाद। ...(व्यवधान)